८

संख्या–858/पांच–5–2020

प्रेषक,

शत्रुन्जय कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,
उ0प्र0 लखनऊ।

चिकित्सा अनुभाग–5 **लखनऊः: दिनांकः 17 अप्रैल, 2020**

विषय–प्रदेश में नोवेल कोरोना वायरस कोविड–19 से संक्रमित मरीजों के उपचार से संबंधित चिन्हित 06 एल–2 चिकित्सालयों हेतु आवश्यक उपकरणों को मानकीकृत करते हुए स्वीकृति/उपलब्ध कराये जाने करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–11फ/कैम्प–8125, दिनांक 13.04.2020 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2– संदर्भित पत्र के माध्यम से कोविड–19 के मरीजों के उपचार हेतु चिन्हित एल–2 चिकित्सालयों हेतु आवश्यक उपकरणों को मानकीकृत करते हुए स्वीकृति उपलब्ध कराये जाने के संबंध में आवश्यक शासकीय आदेश/निर्देश निर्गत करने का अनुरोध किया गया है।

3– इस संबंध में सम्यक विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के कम में कोविड–19 के मरीजों के उपचार हेतु चिन्हित एल–2 चिकित्सालयों हेतु आवश्यक निम्नलिखित उपकरणों का कय किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

1.	ऑक्सीजन सिलेण्डर (जम्बो)	–	240 नग (80 नग प्रतिदिन, 80 नग स्टैण्डबाई एवं 80 नग रिफिलिंग हेतु)
2.	वीडियों लैरिंगोस्कोप	–	02 नग प्रति चिकित्सालय।
3.	वेंटीलेटर	–	10 नग प्रति चिकित्सालय।
4.	बेडसाईड मॉनीटर	–	10 नग प्रति चिकित्सालय।
5.	डिफ्रीब्रीलेटर	–	02 नग प्रति चिकित्सालय।
6.	ए0बी0जी0 मशीन	–	01 नग प्रति चिकित्सालय।
7.	इंफ्यूजन/सिरिंज पम्प	–	30 नग प्रति चिकित्सालय।
8.	पोर्टेबुल एक्स–रे मशीन	–	01 नग प्रति चिकित्सालय।
9.	पी0पी0ई0 किट	–	800 प्रति सप्ताह प्रति चिकित्सालय।
10.	इंफ्रा रैड थर्मामीटर	–	10 नग प्रति चिकित्सालय।

4– उक्त चिकित्सालयों हेतु मानकीकरण की कार्यवाही पृथक से की जाएगी। प्रश्नगत व्यवस्था कोविड–19 के प्रसार के दृष्टिगत इसके उपचार हेतु चिन्हित एल–2 चिकित्सालयों के लिए की जा रही है, भविष्य में इसको दृष्टान्त के रूप में नहीं लिया जाएगा।

कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

18/4/2020

(शत्रुन्जय कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

Pankaj/GO/COME-3

—2—

संख्या–858 (1)/पांच–5–2020 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक/महाप्रबन्धक (उपकरण–उपार्जन), यू0पी0एम0एस0सी0एल0, लखनऊ।
3. विशेष सचिव, उ0प्र0 शासन, चिकित्सा अनुभाग–6।
4. निदेशक, संचारी रोग, उत्तर प्रदेश।
5. स्टाफ ऑफि, महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(वेद प्रकाश राय)
अनु सचिव।

16/04/2020

Pankaj/GO/COME-3